# Virat Vaibhav
# Dt,17 May_Pg,4

## सामुदायिक सशक्तिकरण को मिलेगा नया बल

नई दिल्ली। भारत के सबसे अधिक पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में से एक, पूर्वी हिमालय में आपदा प्रबंधन और सामुदायिक सशक्तिकरण को मजबूत करने के उद्देश्य से अमृता विश्व विद्यापीठम् और सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के बीच एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता आपदा जोखिम न्यूनीकरण, जलवायु सहनशीलता और सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक दीर्घकालिक साझेदारी का विस्तार है। एसएसडीएमए के निदेशक प्रभाकर राय और अमृता डब्ल्यूएनए की प्रोवोस्ट एवं निदेशक डॉ. मनीषा विनोदिनी रमेश ने हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी अमृता स्कूल फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर्स अमृता सेंटर फॉर वायरलेस नेटवर्क्स एंड एप्लिकेशंसऔर यूनेस्को चेयर ऑन एक्सपीरियेंशियल लर्निंग के सहयोग से की गई है। समझौते के अंतर्गत, अमृता एसएसडीएमए के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम, क्षेत्रीय जन-जागरूकता अभियान और जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण की पहलों को कार्यान्वित करेगा। बहुभाषी शैक्षणिक उपकरणों और उन्नत वायरलेस सेंसर नेटवर्क्स की मदद से दूरस्थ क्षेत्रों में त्वरित चेतावनी प्रणाली और आपदा संचार प्रणाली को सशक्त किया जाएगा।